# -:प्रेस नोट:-

## दिनांक- 02.09.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गुम हुये 05 वर्षीय बच्चे को सूचना के 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 02.09.2025 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा 05 वर्षीय गुम हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 02.09.2025 को कस्बा सिविल लाइन थाना अतर्रा के रहने वाले पप्पू पुत्र कईया ने थाना अतर्रा पर सूचना दी कि उनका 05 वर्षीय पोता सूरज कहीं खो गया है काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी श्री पीयूष पाण्डेय के नेतत्व में थाना अतर्रा पर गठित टीम द्वारा मौके पर जाकर आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए सीसीटीवी कैमरों की सहायता से बच्चे को 02 घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 प्रीत कुमार पाण्डेय
2. का0 मनोज